





# 600 मीटर फोरलेन के लिए 27 मकान पर कार्रवाई



**लक्कड़पीठा रोड से पुराने बाजना बस स्टैंड तक अतिक्रमण पर कार्रवाई**

**रतलाम।** शहर में लक्कड़पीठा रोड से पुराने बाजना बस स्टैंड तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क के निर्माण को लेकर नगर निगम ने सोमवार को सख्त कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू की। निगम का अमला पुलिस बल, जेसीबी और बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंचा और सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रहे मकानों और दुकानों के आगे बने हिस्सों को हटाया गया।

कार्रवाई के दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने विरोध भी जताया, लेकिन अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई शहर के मास्टर प्लान के तहत की जा रही है और प्रभावितों को पहले ही नोटिस देकर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए जा चुके थे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा क्षेत्र का निरीक्षण कर अधिकारियों को शेष अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद सोमवार को नगर निगम आयुक्त अनिल भाना दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से पक्के निर्माण हटाने की कार्रवाई शुरू कराई। अधिकारियों के अनुसार इस मार्ग पर करीब 27 मकानों और दुकानों के आगे के हिस्से अभी भी अतिक्रमण में आ रहे थे, जिन्हें हटाया जा रहा है।

**नपती में 192 मकानों में 2 से 4 मीटर तक अतिक्रमण मिला**

जानकारी के अनुसार चांदनी चौक से लगे लक्कड़पीठा रोड को 18 मीटर चौड़ा डामर फोरलेन बनाया जाना प्रस्तावित है, जो लगभग 600 मीटर लंबाई में पुराने बाजना बस स्टैंड तक तैयार होगा। इस सड़क के निर्माण पर करीब 6 .32 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। नगर निगम द्वारा अक्टूबर-नवंबर में कराई गई नपती में इस मार्ग पर स्थित 192 मकानों में 2 से 4 मीटर तक अतिक्रमण पाया गया था। इसके बाद मकान मालिकों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। कई लोगों ने स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लिया, जबकि कुछ मामलों में निगम को कार्रवाई करनी पड़ी।

## जारी किए थे नोटिस

आयुक्त अनिल भाना ने बताया कि दो माह पहले सभी प्रभावितों को नोटिस जारी कर दिए गए थे और 9 मार्च तक स्वयं अतिक्रमण हटाने का अंतिम समय दिया गया था। इसके 6 मार्च को महापौर ने आयुक्त के साथ निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की अपील की थी। साथ ही स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाने पर सख्ती से कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी।



## अनुमानित खरीदी के अनुसार उपार्जन केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**रबी उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। उपार्जन समिति की बैठक में अनुमानित खरीदी के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने निर्देश दिये कि उपार्जन केंद्रों के लिए नियुक्त सर्वेयर को प्रशिक्षण दिया जाए। इसके साथ ही कृषि आरईओ और पटवारियों को भी प्रशिक्षण दिया जाये, ताकि वे उपार्जन केंद्र पर व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर सके। उपार्जन कार्य के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जाये। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि उपार्जन के लिए गठित संयुक्त दल द्वारा सतत भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाएगा।

बैठक में संवेदनशील उपार्जन केंद्रों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए । कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों पर छाया, पेयजल, तौल कांटे, विद्युत, बारदाने, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों इत्यादि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

**एक नजर में**

## मिजल्स के संबंध में बाजना विकास खंड में सर्वे किया



**रतलाम।** जिले के बाजना विकासखंड में ग्रामीण क्षेत्रों में मिजल्स के प्रकरण मिलना प्रतिवेदन हुए थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे के निर्देशानुसार विकासखंड के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे किया जा रहा है और मामलों की पूरी निगरानी की जा रही है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ वर्षा कुरील द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर पूरे मामलों की निगरानी की गई तथा विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ जितेंद्र जायसवाल के निर्देशन में आवश्यक उपचार एवं समस्त प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है।

## महिलाओं का किया सम्मान



**रतलाम।** मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन ऑफिस में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन की भावना , शिखा शर्मा, श्रुति, संतोष सोनाने एवं आशा उषा संगठन की ओर से श्रीमती कृष्णा सोनगरा एवं अन्य श्रमिक महिलाओं का स्वागत किया। इस अवसर पर मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के अध्यक्ष अभिषेक जैन, सचिव निखिल मिश्रा, उपाध्यक्ष रशीद खान, वरिष्ठ कामरेड सुनील , श्रम संगठनों की संयुक्त समिति के अध्यक्ष ईश्वरलाल पुरोहित भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण का गीत गाकर सभी महिला साथियों को शुभकामनाएं दी गई।

## शिविर आयोजित कर किया बी-1 का वाचन

**रतलाम।** मध्य प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार जिले में राजस्व अधिकारियों द्वारा 9 से 14 मार्च तक बी-1 वाचन के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। 'संकल्प से समाधान अभियान' के अंतर्गत ग्रामवार बी-1 वाचन किया जाना है। आज जिले की सभी तहसीलों के गांवो में तय कार्यक्रम अनुसार बी-1 का वाचन कर किसानों को जानकारी दी गई।

## नरवाई प्रबंधन के लिए किसानों को दिए जा रहे आधुनिक यंत्रों के उपयोग के डेमोस्ट्रेशन



**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिले में नरवाई प्रबंधन के लिए किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी देने के उद्देश्य से 9 मार्च से 13 मार्च तक विभिन्न विकासखंडों में कृषि उपकरणों का प्रदर्शन किया जा रहा है। आज 9 मार्च को रतलाम विकासखंड के ग्राम ढिकवा, भीलखेड़ी, पालसोड़ा एवं बदनोरा में किसानों को प्रशिक्षण देने के लिए ट्रैक्टर चलित रीपर कम बाइंडर, स्वचालित रीपर कम बाइंडर तथा कॉम्बो कंबाइन हार्वेस्टर जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों का डिमोस्ट्रेशन किया गया गया। इन यंत्रों के माध्यम से फसल कटाई के बाद नरवाई प्रबंधन को आसान बनाने और खेतों में अवशेष जलाने की समस्या को कम करने के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। 10 मार्च को जावरा विकासखण्ड के ग्राम उकेड़िया, हाट पिपलिया, मिंडली एवं रोझाना में डिमोस्ट्रेशन किया जाएगा।

## रिद्धि सिद्दी एक्टेंशन कॉलोनी में महिलाओं का किया सम्मान



**जावरा।** रिद्धि सिद्दी एक्टेंशन कालोनी में महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान करते हुए शिक्षक संघ के संभागीय सदस्य एव जिला उपाध्यक्ष संजय द्विवेदी ने कहा कि आज महिलाए हर क्षेत्र में अग्रणीय भूमिका रही है। सेना से लेकर समाज सेवा, देश सेवा एव ग्रहणी के रूप में कही माता, पत्नी, भाभी, बहन ,बहु, सभी किरदार बखूबी निभा रही है, हम महिला शक्ति का सम्मान कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। आज जिन महिलाओ का सम्मान किया उनमे एक जनप्रतिनिधि वार्ड 13 की पार्षद रानी सोनी, पांच महिला शिक्षिका, गिरजा एरिया, कुसुम कैथवास, लता वर्मा, दीपा ललवानी, एव पंचायत सचिव रखी मूंदडा के साथ ग्रहणी राधा द्विवेदी, अंगुरबाला मूंदडा, डिम्पल, मूंदडा, आस्था द्विवेदी, नेमा, भंडारी, रतनबाई पाटीदार, तानिया टेकवानी को उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुकेश कैथवास ने कहा कि नारी शक्ति को प्रणाम करता हु आप सभी का सहयोग इसी प्रकार मिलता रहे। इस अवसर पर रानी सोनी ने कहा कि जहा महिलाओ का सम्मान होता है वहाँ लक्ष्मी का वास होता है ओर उस परिवार में सुख शांति होती है। राखी मूंदडा ने कहा कि आज आपने हमे सम्मानित किया हम सब आपकी आशा पर खरे उतरेंगे। कार्यक्रम का संचालन रानी सोनी में तथा आभार राखी मूंदडा ने माना।

## महिला गोष्ठी का हुआ आयोजन

**जावरा।** स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भरता ही सुखी एवं समृद्ध परिवार की पहचान है। इसमे महिलाओं की प्रमुख भुमिका होती है। उपरोक्त विचार पूर्व पार्षद श्रीमती कोकिला उपमन्यु ने अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जन अभियान परिषद की नवाकुर संस्था अटल ग्राम विकास सामाजिक संगठन द्वारा आयोजित महिला गोष्ठी मे व्यक्त किए। आपने कहाँ की महिलाए भारतीय परिवारों की धुरी होती है। श्री राम विघा मन्दिर आयोजित महिला संगोष्ठी मे कविता पांचाल, यास्मीन खान, अंजू सांकला, भूमि राठोड़, मेघा गूजर, सुनिता गेहलोत, साएब सोनगरा, शिवानी आफरिन खान, मोक्षा परमार आदि उपस्थित थी।

## फागोत्सव के साथ भारतीय टीम की जीत का मनाया जश्न



**रतलाम।** सेंट्रल गवर्नमेंट एवं रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन तथा ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन रतलाम मंडल के पेंशनरों ने फागोत्सव के साथ भारतीय क्रिकेट टीम की जीत पर जश्न मनाया।

आयोजन दो बत्ती स्थित एक निजी होटल में रखा गया। इस दौरान पदाधिकारियों और सदस्यों ने तिरंगा लहरा कर फाग उत्सव ,होली मिलन समारोह में बहुत ठुमके भी लगाए। सुरेश गोराना, देवेंद्र वर्मा, मनोरमा गहलोत ने फाग एवं देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। भारतीय क्रिकेट टीम के विजय होने पर केक सेरेमनी एवं सभी को देवेंद्र वर्मा द्वारा मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में संगठन के अध्यक्ष प्रकाश व्यास ने संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रसंग विश्व में देश की क्रिकेट टीम का विजय का है हमारे बीच फाग उत्सव, होली मिलन एवं सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान भी आज किया जा रहा है जिसमें पंकज पवार,संजय भावसार, पीके शिश्वास को पेंशनर मेडल एवं माला एवं केसरिया दुपट्टे से स्वागत कर सदस्यता पेंशनर्स की प्रदान की। वरिष्ठ सलाहकार मनोहर पचोरी, आईएल पुरोहित, विजयप्रकाश दुबे, सतीश राठौर, एमए खान राजा भैया, प्रेमलता जैन, यूंएल जायसवाल, महेश मंगल, रमेश जोगचंद, महेश चंद शर्मा, अशोक दीक्षित , सुधीरकांत दुबे, कमलजीतसिंह, सुरेश वर्मा, बलवीरसिंह यादव, रमेशसी ,अर्चना शर्मा, सीता वर्मा, सविता खंडारे, अलका खोढ़, दशरथ शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने बाइक पर ले जा रहे युवक से 10 की अफीम एमडी पकड़ी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम/आलोट।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत आलोट पुलिस ने 10 लाख रूपए की एमडी पकड़ी हैं।

शनिवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ अफीम लेकर बरखेड़ा-आलोट रोड स्थित ग्राम नारायणी फंटा की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए आरोपी राहुल पिता मांगु चन्द्रवंशी(25) निवासी ग्राम नाथुखेड़ी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 2 किलो 147 ग्राम कीमत 10 लाख 73 हजार 500 रूपए की अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद की गई। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया तथा मादक पदार्थ के स्रोत एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। यह कार्रवाई एसपी अमित कुमार के निर्देशन एवं एएसपी विवेक कुमारलाल के मार्गदर्शन तथा एसडीएम सुश्री पल्लवी गौर के निर्देशन में थाना आलोट पुलिस ने कार्रवाई की। कार्रवाई में निरीक्षक मुनेन्द्र गौतम, उप निरीक्षक आरसी खड़िया, आर. दीपक पाटीदार, अभिनन्दन, अंकित काला, लोकेन्द्र शर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

## निकाला मार्च, बर्खास्तगी की मांग

रतलाम। 8 मार्च को महिला कांग्रेस द्वारा केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के खिलाफ कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च राम मंदिर से प्रारंभ होकर अंबे चौक तक निकाला गया। कैंडल मार्च के दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी को सद्बुद्धि देने,महिलाओं और बच्चों के शोषण के आरोपों को लेकर उन्हें मंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग की। नेतृत्व वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री यास्मीन शेरानी ने किया। शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम चाहर, महिला कांग्रेस पार्षद दल अध्यक्ष आशा रावत, पार्षद कविता महावर, केसरबाई, मनीषा शर्मा, मीनाक्षी सेन, नीलोफर खान सहित महिला कांग्रेस पदाधिकारी हिना शेख, ताज मंसूरी आदि मौजूद रही।

## रंगपंचमी पर दोहरा जश्न : दिन में होली और रात में दीपावली मनाई



**नवभार न्यूज**

**नामली।** रंगों के त्यौहार रंग पंचमी पर स्थानीय लोगों ने एक दूसरे के रंग लगाकर पर्व मनाया। रंग पंचमी के दिन भारत ने टी 20 वर्ल्ड कप जीतने पर रात में खेलप्रेमियों ने मिठाई खिलाकर आतिशबाजी व फटाके फोड़कर जीत का जश्न मनाया। लवर्स खेल एवं सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में निकली गई रंगपंचमी के गेर का नेतृत्व मंच के प्रमुख शैलेंद्र सिंह सोनगरा, आलोक जैन, जितेन्द्र चौधरी (जाट) पूर्व सहकारिता संस्था अध्यक्ष अशोक राठौड़ ने नगर में निकली गेर का नेतृत्व किया। गेर बस स्टैंड से निकली, जिसमें डीजे की धून पर नाचते युवा एवं गणमान्य प्रमुख मोहल्लों से गुजरे। लवर्स खेल एवं सांस्कृतिक मंच ने सफल गेर का आयोजन कर रंगों के त्यौहार रंग पंचमी को हर्षोल्लास से मनाई गई।

### गेर नहीं निकालने से नाराजगी

वर्तमान नगर परिषद नामली ने अपने कार्यकाल में धुलंडी और रंगपंचमी पर निकलने वाली गेर आयोजन को बंद कर दिया। इस परंपरा को बंद करने पर आमजनों ने गुस्सा और नाराजगी जताई।



## पालिका ने निकाली गेर बनी ऐतिहासिक

सैलाना। नगर परिषद की गेर एतिहासिक रही। परिषद अध्यक्ष चेतन्य शुक्ल और संपूर्ण परिषद के सदस्य काफी दिनों से आयोजन में जुटे हुए थे। एक दिन पूर्व संध्या पर पूर्व विधायक हर्ष विजय गेहलोत, परिषद अध्यक्ष चेतन्य शुक्ला,पूर्व अध्यक्ष जगदीश पाटीदार,परिषद के पार्षद,कर्मचारियों ने नगर के नागरिकों को इस गेर में भाग लेने की अपील की। घंटाघर चोराहा पर आम जनता के लिए सुबह जलपान की व्यवस्था रखी गई। हनुमान मंदिर पर महा आरती के साथ गेर का शुभारंभ हुआ। गेर में आगे डीजे एक वाहन में संगीतकार की टीम उसके पीछे राजस्थानी लोक नृत्य करते हुए और साथ ही राधा कृष्ण की लीला के साथ फायर ब्रिगेड और टैंकर से रंगीन बौछारें रंग गुलाल ऊड़ाती मशीन के साथ जन प्रतिनिधियों,नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में इस एतिहासिक गेर के साक्षी बने। बस स्टेंड चौराहा पर युवकों की टोली ने श्री गेहलोत और श्री शुक्ला का स्वागत कर पुष्प वर्षा की।



## महिला पुलिस अधिकारियों का किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर में महिला शक्ति के सम्मान में विशेष पहल की गई। इस दौरान प्रेस क्लब सचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार विमल कटारिया ने एसडीओपी नीलम बघेल तथा थाना प्रभारी पिंकी आकाश का हार-फूल पहनाकर स्वागत कर सम्मान किया। इस मौके दोनों पुलिस अधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा गया कि महिलाओं की सुरक्षा, समाज में जागरूकता और कानून व्यवस्था बनाए रखने में महिला पुलिस अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। एसडीओपी नीलम बघेल एवं थाना प्रभारी पिंकी आकाश ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही बेहतर कानून व्यवस्था कायम रखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है। कार्यक्रम में दोनों पुलिस अधिकारियों ने पूर्व पार्षद शांति बाई डामोर का सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान आपसी सौहार्द और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया गया।

## 4 से 5 हजार का एचपीवी टीका सिविल हॉस्पिटल में लग रहा निशुल्क



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे के मार्गदर्शन में सोमवार को न्यू मैटरनिटी विंग सिविल हॉस्पिटल जावरा में दक्षिता, डा दीपक पालड़ीया ने एचपीवी टीका लगवाया, प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि डॉक्टर्स अनुसार किशोर अवस्था में वेक्सिनेशन से इस बीमारी से बचाव का सबसे सुरक्षित और प्रभावी तरीका है, बाजार में इस टीके की कीमत लगभग चार से पांच हजार रुपए है लेकिन सरकार पूरी तरह से इसे मुफ्त में उपलब्ध करा रही हैं, डा दीपक पालड़ीया ने अभिभावकों, जनप्रतिनिधियो एवं स्वास्थ्य कर्मियों से अपील की है कि इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दे, बीमारी के इलाज से बेहतर है कि समय रहते बचाव करे। सिविल हॉस्पिटल में प्रतिदिन एचपीवी टीकाकरण कार्य किया जा रहा है। 28 फ़रवरी से आज तक कुल 31 टीके किशोरी बालिकाओं को लगाएं गए हैं। डॉ. अतुल मंडवारिया, बसंतीलाल मईडा, रघुनंदन पाटीदार, रामनिवास पाटीदार, इना दास, तरुण उपस्थित रहे।

## संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**जावरा।** भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भारतीय महिलाओं की स्थिति और भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. एजी पठान ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और डिजिटल प्लेटफार्म पर उनकी भागीदारी को बढ़ाने की बात की। प्रशासनिक अधिकारी और मुख्य वक्ता डॉ विद्या तिवारी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भारतीय महिलाएँ अपनी नेतृत्व क्षमता, प्रतिभा और साहस से एक नई पहचान बना रही हैं। राजनीति, सशस्त्र बल, विज्ञान और खेल में उनकी सहभागिता तेजी से बडी है। आपने सशक्तिकरण के प्रयासों के बावजूद, लैंगिक भेदभाव, समान काम के लिए असमान वेतन, और घरेलू हिंसा जैसे मुद्दों को दूर करने के लिए सामाजिक सोच में बदलाव लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सूत्रधार डॉ.दुष्यन्त भदौरिया ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च पदों पर आसीन महिलाओं से प्रेरणा लेने की बात कही। महाविद्यालय की महिला स्टाफ का सम्मान किया गया। आभार डॉ भावना भट्ट ने प्रेषित किया।

## रंगपंचमी पर उत्साह,उल्लास का उड़ा खूब गुलाल

**जेएसजी सेन्ट्रल की पारिवारिक सभा रंग उत्सव का हुआ आयोजन**



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** भारतीय संस्कृति में रंगों का विशेष महत्व है और ये हरे नीले लाल गुलाबी रंग से जब हम सरोबार होते है तो मानो सारी दुनिया खुशियों से सजी लगती है और इस पर्व पर सभी एक दूजे को प्यार से रंग लगाते है। रँगपंचमी का यह त्योहार सभी के लिए महत्वपूर्ण होता है और हम इसके आने का। बेसब्री से इंतजार करते है क्योंकि यह प्रेम और अपनत्व का प्रतीक है। उक्त विचार जेएसजी सेन्ट्रल अध्यक्ष संजय सुराणा ने व्यक्त किए। जेएसजी सेन्ट्रल की पारिवारिक सभा रंग उत्सव का आयोजन किया गया जिसमे सुबह से सदस्य एक दूजे को रंग लगाकर शुभकामनाएं व्यक्त कर डीजे की धुन पर डांस कर रहे थे। आकर्षक कपल गेम ने सभी को आनंद से परिपूर्ण कर दिया और ठहाकों ओर मस्ती के साथ इस पार्टी का आनंद लिया। इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृशक्तियो का सम्मान भी किया गया। इस आयोजन की सम्पूर्ण जवाबदारी भी महिला दिवस के दिन संयोजक के रूप में सुचिता टुकडियां, नीलिमा जैन, अंतिम भण्डारी, किरण भाचावत ने संभाली एव मातृशक्तियो का सम्मान हंसा सुराणा, सोनल चत्तर, प्रिया दख, दिव्या ललवानी, स्वाति चोरडिया, श्वेता कोचट्टा, कविता डूंगरवाल आदि ने किया। इस अवसर पर हिम्मत धारीवाल, विनोद ओस्तवाल, निलेश टुकडियां, राजेश भंडारी मनोज दख, संजय भंडारी विकास जैन, अरुण भण्डारी, राजेश भाचावत, विनोद लुनिया, सुनील चपडोद, महावीर डांगी, प्रतीक डूंगरवाल, अतुल ललवानी, अरविंद जैन, राजेश संघवी, अंतिम कोलन आदि सदस्य उपस्थित थे। संचालन सचिव अमित चत्तर ने किया।